# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 06.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",दैनिक जागरण, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 06.01.2025

### विकास प्राधिकरण ने शुरू कराया चौराहा का निर्माण

**संवाद सहयोगी, जागरण, वाराणसी:** महाकुंभ व शहर के सुंदरीकरण को ध्यान में रखते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से फुलवरिया फोर लेन तिराहा- सेंट्रल जेल मार्ग पर चौराहा बनाया जाएगा।

इसका काम रविवार को शुरू कर दिया गया। चौराहा 10 मीटर की सर्किल में होगा। एक सप्ताह के भीतर सुंदरीकरण के साथ इसे तैयार करने का लक्ष्य है।

चौराहा समेत सुरक्षात्मक उपाय न होने से आए दिन दुर्घटना का भय बना रहता है।

## दैनिक जागरण–दि0 06.01.2025

### वीडीए ने लगाया ट्रांसपोर्ट नगर योजना का साइन बोर्ड

**राजातालाब :** मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना में विकास प्राधिकरण ने हाईवे ओवर ब्रिज के पास वाराणसी से प्रयागराज जाने वाली सड़क के किनारे ट्रांसपोर्ट नगर योजना का बोर्ड लगाया दिया है। उसके बगल में विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित ट्रांसपोर्ट नगर योजना की समतल किए गए परिसर में रविवार को महाकुंभ में स्नान करने वाले यात्रियों के वाहन व प्राइवेट बसें खड़ी नजर आईं। परिसर में यात्रियों की चहल-पहल भी रही। (संसू)



विकास प्राधिकरण की ओर से लगा ट्रांसपोर्ट नगर योजना का साइन बोर्ड।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 06.01.2025



PICS: DAINIK JAGRAN INEXT

सीईओ सत्यम मोहन.

डीएम एस. राजलिंगम.

वीडीए वीसी पुलकित गर्ग, चारू चंदवानी.

ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, ज्योति दत्ता.

कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव.

# बनारसगिरी

varanasi@inext.co.in

बनारस गिरी 2.0 प्रोग्राम वाराणसी कैंटोमेंट एरिया में रविवार को पूरे उत्साह के साथ हुआ. भीषण सर्दी के बीच बच्चों से लेकर सीनियर सिटीजन ने ऊर्जा के साथ गेम्स में पार्टिसिपेट किया और अपनी कला का प्रदर्शन किया. यूथ ने जुंबा समेत अन्य फिल्मी गीतों पर जमकर डांस किया. जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अफसरों ने उनकी कला की सराहना की.

INVITE US

If you are throwing a party, celebrating any festival or mounting an exhibition, we will report it. Call us at 9424322370 or mail at varanasi@inext.co.in

For more party photos, go to www.in... .com/cityfights

सीडीओ हिमांशु नागपाल.

खेलों में पार्टिसिपेट कर दिया स्वस्थ रहने का संदेश.

अम्बरीश सिंह भोला.

आज–दि0 06.01.2025

## विकास प्राधिकरण ने लगाया ट्रांसपोर्ट नगर योजना का साइन बोर्ड

रोहनिया। मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना में विकास प्राधिकरण द्वारा हाईवे ओवर ब्रिज के पास वाराणसी से प्रयागराज जाने वाली सड़क के किनारे ट्रांसपोर्ट नगर योजना का बोर्ड लगाया गया है। और उसके बगल




में विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित ट्रांसपोर्ट नगर योजना की समतल किये गये परिसर में रविवार को महाकुंभ स्नान करने वाले यात्रियों की तथा प्राइवेट बस खड़ी नजर आयी और यात्रियों की चहल-पहल भी रही।

आज–दि0 06.01.2025

## बनारस सिटी सेलिबिटी २-० के प्रतिभागी पुरस्कृत

छावनी परिषद और वाराणसी विकास प्राधिकरण के सहयोग से बनारस सिटी सेलिब्रेटी स्ट्रीट्स-२.०' का सफल आयोजन हुआ। यह भव्य कार्यक्रम नेहरू पार्क से नेहरू घाट तक आयोजित किया गया, जिसमें लगभग १५०० लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, कला, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहन देना था। उद्घाटन विधायक (कैंट) सौरभ श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने इस आयोजन को समाज में सामूहिक भागीदारी, योग और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। इस आयोजन के दौरान कई रोचक गतिविधियां हुईं, जिनमें पोस्टर मेकिंग, स्केटिंग, पेंटिंग, क्राफ्ट प्रदर्शनी (महिला एवं पुरुष), नृत्य और योग प्रदर्शन शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले उत्कृष्ट प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, वाराणसी विकास प्राधिकरण और विभिन्न सामाजिक संघटनों ने सक्रिय भूमिका निभायी। मुख्य प्रायोजक रेडियो सिटी, क्लीनिक प्लस और १०८ एम्बुलेंस सेवा ने आयोजन को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में श्री एस.राजलिंगम (जिलाधिकारी), ब्रिगेडियर अनीर्बान दत्ता, (अध्यक्ष छावनी परिषद), पीयूष मोर्डिया (ए.डी.जी. वाराणसी जोन), सत्यम मोहन (मुख्य अधिशासी अधिकारी), पुलकित गर्ग (वी.सी., वाराणसी विकास प्राधिकारण), हिमांशु नागपाल (मुख्य विकास अधिकारी), एस.चिनपा, (एडिशनल पुलिस कमिश्नर), कुनाल काला (एरकमोडोर), प्रमोद कुमार (डी.सी.पी. गोमती जोन) एवं राजकुमार दास (नामित सदस्य, छावनी परिषद) एवं अन्य गणमान्य अधिकारीगण ने कार्यक्रम में भाग लिया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह घोषणा की गयी कि 'बनारस सिटी सेलिब्रेटी स्ट्रीट्स-३.०' अगले माह और भी बड़े पैमाने पर आयोजित की जायेगा।

हिन्दुस्तान–दि0 06.01.2025

## ट्रांसपोर्टनगर योजना का साइन बोर्ड लगाया गया

रोहनिया। वीडीए ने ट्रांसपोर्टनगर योजना का साइन बोर्ड मोहनसराय ओवरब्रिज के पास लगवाया। वहीं अधिग्रहित जमीन को समतल किया गया। परिसर में रविवार को प्रयागराज महाकुंभ जानेवाली की बसें पार्क की गईं। तीर्थयात्रियों की चहल-पहल भी रही। गौरतलब है कि योजना का स्थानीय किसानों ने मुखर विरोध किया था।

हिन्दुस्तान–दि0 06.01.2025

## बनारसगीरी में जमकर की मस्ती

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। घने कोहरे में काशीवासियों ने बनारसगीरी में खूब मस्ती की। हिन्दुस्तान की परंपरा के अनुसार रविवार को कैंटोमेंट क्षेत्र में शहनाई वादन से बनारसगीरी का शुभारंभ हुआ। योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, जुंबा डांस से सेहत अच्छी रखने की बारीकियां समझीं। गदा-जोड़ी फेरते हुए पहलवानों ने काशी की प्राचीन परंपरा का भी प्रदर्शन किया।

छावनी बोर्ड और वीडीए की ओर से आयोजित बनारसगीरी 2.0 में शहरभर से लोग पहुंचे। शहनाई पर पं. दुर्गा प्रसन्ना, कैलाशनाथ और मोहनलाल वर्मा के साथ खुरजक पर कन्हैयालाल ने संगत दी।

स्केटिंग, पोस्टर मेकिंग, के साथ बच्चों को बेकरी उत्पाद बनाने की कला भी सिखाई गई। मन का कोना में मनोवैज्ञानिक शिवि भट्ट ने टिप्स दिए। लड़कियों ने कराटे का प्रदर्शन किया। फिटनेस गुरु आएशा अग्रवाल, वेणु ने डांस से फिट रहने का मंत्र दिया, तो नीता दास ने सूर्यनमस्कार कराया।

विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने उत्साह बढ़ाया। इस दौरान डीएम एस राजलिंगम, छावनी बोर्ड के अध्यक्ष ब्रिग्रेडियर अनिर्बान दत्ता, सीईओ सत्यम मोहन, राजकुमार दास, अंबरीश सिंह रहे।



कैंटोमेंट क्षेत्र में रविवार को बनारसगीरी में योग का अभ्यास करते लोग।

### आशी सिंह को पहला स्थान

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आशी सिंह को पहला, आस्था को दूसरा और काव्या और रंजीता कुमारी को तीसरा स्थान मिला। कक्षा नौ से 12 की श्रेणी में आरोही प्रथम, स्वीकृति द्वितीय और एंजल तृतीय रहीं।

### साइबेरियन हस्की आकर्षण

पशु प्रेमियों के लिए बने सेंटर पर लोग कुत्तों की देखभाल, स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए पहुंचे। प्रियंका के साथ नीली आंखों वाले साइबेरियन हस्की, जिसका नाम रोमियो है, ने लोगों का ध्यान खींचा।

**70 की उम्र में फेरा गदा-जोड़ी :** बेनीपुर के बुजुर्ग पहलवान श्रीधर मिश्रा ने भी गदा-जोड़ी फेरकर लोगों को अचंभित कर दिया।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 06.01.2025

# गिरी-2.0 वाराणसी विकास प्राधिकरण और छावनी परिषद की अनूठी पहल

वाराणसी ।विकास प्राधिकरण और छावनी परिषद के संयुक्त प्रयास से रविवार को 'Banaras गिरी-2.0% का भव्य आयोजन नेहरू पार्क और नेहरू पार्क सर्किल में हुआ। सुबह 7.30 बजे से शुरू होकर 11.30 बजे तक चले इस कार्यक्रम ने स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को बढ़ावा दिया। ठंड के बावजूद लगभग 1500 लोगों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम का शुभारंभ कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव के अभिभाषण से हुआ। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए काशी वासियों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने योग सत्र और अखाड़ा प्रदर्शन में भी भाग लिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, वाराणसी विकास प्राधिकरण के वीसी पुलकित गर्ग, एडीजी पियूष मोर्डिया, ब्रिगेडियर अनीर्बान दत्ता, सीडीओ हिमांशु नागपाल, डीसीपी प्रमोद कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में जुंबा, कराटे, स्केटिंग, योग, तीरंदाजी, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फोटोग्राफी वर्कशॉप, और मिट्टी से मूर्ति निर्माण



जैसी गतिविधियां हुई। साथ ही शहनाई वादन, फिटनेस ट्रेजर हंट, डीआईवाई वर्कशॉप, महिला कराटे प्रदर्शन, और पिकल बॉल जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गई।छावनी परिषद विद्यालय, सनबीम वरुणा, सनबीम मुगलसराय, जयपुरिया स्कूल, गोपी राधा स्कूल सहित 300 से अधिक छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में (कक्षा 6-8) से आशी सिंह (सनबीम वरुणा) ने प्रथम, आस्था (सनबीम मुगलसराय) ने द्वितीय और काव्या-रंजीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9-12 से आरोही (सनबीम मुगलसराय) प्रथम, स्वीकृति सिंह (सनबीम वरुणा) द्वितीय और एंजल सिंह (सनबीम वरुणा) तृतीय स्थान पर रहीं।छावनी परिषद चिकित्सालय द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप, दवा वितरण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेडियो पार्टनर रेडियोसिटी, स्पोर्ट्स पार्टनर डिकैथलन, और योगा पार्टनर 108 प्लस जैसे कई साझेदारों ने स्टॉल लगाए।कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय 3000 और तृतीय 2000 रखा गया। आयोजन के सफल समापन पर मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और जनता का आभार व्यक्त किया।ठंड के बावजूद भारी उत्साह से भरे लोगों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंदद्व उठाया। आयोजकों ने इसे मासिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने की घोषणा की और जल्द ही 'Banaras गिरी-3.0 के आयोजन का वादा किया।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 06.01.2025

# वीडीए ने लगाया ट्रांसपोर्ट नगर योजना का बोर्ड

**रोहनिया/वाराणसी।** मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना में विकास प्राधिकरण द्वारा हाईवे ओवरब्रिज के पास वाराणसी से प्रयागराज जाने वाली सड़क के किनारे ट्रांसपोर्ट नगर योजना का बोर्ड लगाया गया है और उसके बगल में विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित ट्रांसपोर्ट नगर योजना की समतल किए गए परिसर में रविवार को महाकुंभ स्नान करने वाले यात्रियों की तथा प्राइवेट बस खड़ी नजर आई और यात्रियों की चहल-पहल भी रही।

## राष्ट्रीय सहारा –दि0 06.01.2025

# बनारस गिरी-2.0 : वीडीए व छावनी परिषद की अनूठी पहल

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए और छावनी परिषद के संयुक्त प्रयास से रविवार को 'बनारस गिरी-2.0' का आयोजन नेहरू पार्क और नेहरू पार्क सर्किल में किया गया। सुबह 7:30 बजे से शुरू होकर 11:30 बजे तक चले इस कार्यक्रम ने स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को बढ़ावा दिया।



### स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण व मनोरंजन का अद्वितीय आयोजन

ठंड के बावजूद लगभग 1500 लोगों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव के अभिभाषण से हुआ। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए वाराणसी वासियों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने योग सत्र और अखाड़ा प्रदर्शन में भी भाग लिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, वाराणसी विकास प्राधिकरण के वीसी पुलकित गर्ग, एडीजी पियूष मोर्डिया, ब्रिगेडियर अनीर्बान दत्ता, सीडीओ हिमांशु नागपाल, डीसीपी प्रमोद कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

**300 से अधिक छात्रों ने प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग :** कार्यक्रम में जुंबा, कराटे, स्केटिंग, योग, तीरंदाजी, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फोटोग्राफी वर्कशॉप, और मिट्टी से मूर्ति निर्माण जैसी गतिविधियां हुईं। साथ ही शहनाई वादन, फिटनेस ट्रेजर हंट, डीआईवाई वर्कशॉप, महिला कराटे प्रदर्शन, और पिकल बॉल जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गईं। छात्र-छात्राओं का उत्साह छावनी परिषद विद्यालय, सनबीम वरुणा, सनबीम मुगलसराय, जयपुरिया स्कूल, गोपी राधा स्कूल सहित 300 से अधिक छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में (कक्षा 6-8) से आशी सिंह (सनबीम वरुणा) ने प्रथम, आस्था (सनबीम मुगलसराय) ने द्वितीय और काव्या-रंजीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9-12 से आरोही (सनबीम मुगलसराय) प्रथम, स्वीकृति सिंह (सनबीम वरु णा) द्वितीय और एंजल सिंह (सनबीम वरुणा) तृतीय स्थान पर रहीं।

**सामुदायिक सहभागिता और स्वास्थ्य सुविधाएं :** छावनी परिषद चिकित्सालय द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप, दवा वितरण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण और भविष्य की योजना कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रथम पुरस्कार रु. 5000, द्वितीय रु. 3000 और तृतीय रु. 2000 रखा गया। आयोजन के सफल समापन पर मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और जनता का आभार व्यक्त किया।

**'बनारस गिरी' को बनायें मासिक आयोजन :** ठंड के बावजूद भारी उत्साह से भरे लोगों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। आयोजकों ने इसे मासिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने की घोषणा की और जल्द ही 'बनारस गिरी-3.0' के आयोजन का वादा किया।

## परफेक्ट मिशन–दि0 06.01.2025

# बनारसगिरी-2.0 में हुआ स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और मनोरंजन का अद्वितीय आयोजन

❑ वीडीए और छावनी परिषद के संयुक्त प्रयास से हुआ आयोजन, प्रतिभागी विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

परफेक्ट मिशन

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण और छावनी परिषद के संयुक्त प्रयास से रविवार को बनारस गिरी 2.0 का भव्य आयोजन और नेहरू पार्क सर्किल में हुआ। सुबह 7.30 बजे से शुरू होकर 11.30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य कल्याण और सामुदायिक भावना को बढ़ावा दिया गया। ठंड के बावजूद लगभग 1500 लोगों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कैण्ट विधायक सौरभ श्रीवास्तव के अभिभाषण से हुआ। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए वाराणसी वासियों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया।



उन्होंने योग सत्र और अखाड़ा प्रदर्शन में भी भाग लिया इस कार्यक्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण के मानद सदस्य अंबरीश सिंह भोला, जिलाधिकारी वाराणसी एस. राजलिंगम, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, एडीजी पियूष मोर्डिया, सीडीओ हिमांशु नागपाल, डीसीपी प्रमोद कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक गतिविधियों में जुंबा, कराटे, स्केटिंग, योग, तीरंदाजी, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फोटोग्राफी वर्कशॉप और मिट्टी से मूर्ति निर्माण जैसी गतिविधियां हुई। साथ ही शहनाई वादन, फिटनेस ट्रेजर हंट, डीआई वाई वर्कशॉप, महिला कराटे का प्रदर्शन और पिकल वाल जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गई। प्रतियोगिता में छावनी परिषद विद्यालय, सनबीम वरूणा, सनबीम मुगलसराय, जयपुरिया स्कूल, गोपी राधा स्कूल सहित के 300 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 मे आशी सिंह (सनबीम वरूणा) ने प्रथम, आस्था सनबीम (मुगलसराय) की द्वितीय और काव्या- रंजीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 मे आरोही (सनबीम मुगलसराय) प्रथम, स्वीकृति सिंह सनबीम (वरूणा) द्वितीय और एंजल सिंह (सनबीम वरूणा) तृतीय स्थान पर रहीं।



इस मौके पर स्वास्थ्य सुविधाओं में छावनी परिषद चिकित्सालय द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप दवा वितरण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेडियो पार्टनर रेडियो सिटी, स्पोर्ट्स पार्टनर डिकैथलन और योगा पार्टनर 108 प्लस जैसे कई साझेदारों ने स्टाल लगाये। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव द्वारा प्रथम पुरस्कार विजेता को5000/रुपया ,द्वितीय पुरस्कार विजेता को 3000/रुपया और तृतीय पुरस्कार विजेता को2000/ रुपया दिया गया। आयोजन के सफल समापन पर मुख्य अतिथि अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन ने सभी प्रतिभागियों आयोजकों और जनता का आभार व्यक्त किया। ठंड के बावजूद भारी उत्साह से भरे लोगों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। आयोजकों ने इसे मासिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने की घोषणा की और जल्द ही बनारस गिरी- 3.0 के आयोजन वादा किया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 06.01.2025

## विकास प्राधिकरण ने नवंबर में वसूले 3.5 करोड़ शमन शुल्क, 9 नक्शे किए पास



वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में शमन शुल्क जमा और मानचित्र स्वीकृति से संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक में नवंबर माह में विभिन्न जोन से प्राप्त शमन शुल्क और स्वीकृत मानचित्रों का विवरण प्रस्तुत किया गया। उपाध्यक्ष ने इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। जोन-1 ने सर्वाधिक 1 करोड़ 13 लाख 27 हजार 560 रुपए का शमन शुल्क जमा किया और 9 मानचित्र स्वीकृत किए। इसके बाद, जोन-2 ने 94 लाख 83 हजार 446 रुपए शमन शुल्क और 7 मानचित्र स्वीकृत किए। जोन-3 ने 56 लाख 33 हजार 797 रुपए शमन शुल्क और 5 मानचित्र, जोन-4 ने 34 लाख 59 हजार 232 रुपए शुल्क और 6 मानचित्र, जबकि जोन-5 ने 58 लाख 50 हजार 573 रुपए शुल्क और 5 मानचित्र स्वीकृत किए। सर्वाधिक योगदान के लिए जोन-1 के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता विजय सिंह और प्रिया अग्रहरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जोन-5 के जोनल अधिकारी श्री प्रकाश को शमन शुल्क जमा कराने में विशेष प्रयासों के लिए प्रशस्ति पत्र और सराहना मिली। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सभी जोनल अधिकारी और जेई अधिकतम मानचित्र स्वीकृत कर शमन शुल्क संग्रह को प्राथमिकता दें। साथ ही, निरीक्षण के दौरान अवैध व्यावसायिक भवनों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई करें। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित सभी जोनल अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।